**भारत सरकार**

**जल शक्ति मंत्रालय**

**जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग**

**लोक सभा**

**तारांकित प्रश्न संख्या *418**

**जिसका उत्तर 31 मार्च, 2022 को दिया जाना है।**

**.....**

**नदियों के प्रदूषण स्तर के संबंध में अध्ययन**

***418. श्री राजेन्द्र धेड्या गावित:**

**डॉ. हिना विजयकुमार गावीत:**

क्या **जल शक्ति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या विशेषकर महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश तथा पश्चिम बंगाल सहित देश को विभिन्न नदियों में प्रदूषण के स्तर का आकलन करने के लिए सरकार द्वारा कोई अध्ययन किया गया है/किए जाने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) देश की सर्वाधिक प्रदूषित नदियों की सूची में कौन-कौन सी नदियां शामिल हैं; और

(घ) सरकार द्वारा देश में नदियों के जल की गति को प्रवाहमान रखने तथा उनके जल को स्वच्छ बताए रखने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**

**जल शक्ति राज्य मंत्री (श्री बिश्वेश्वर टुडू)**

**(क) से (घ):** विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है ।

*****

**"नदियों के प्रदूषण स्तर के संबंध में अध्ययन' के संबंध में दिनांक 31.03.2022 को लोक सभा में उत्तर दिए जाने वाले तारांकित प्रश्न संख्या *418 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।**

**(क) से (घ)** केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों/समितियों के सहयोग से, राष्ट्रीय जल गुणवत्ता मॉनीटरिंग कार्यक्रम के अंतर्गत निगरानी स्टेशनों के एक नेटवर्क के माध्यम से नदियों और अन्य जल निकायों की निगरानी कर रहा है। जल गुणवत्ता मॉनीटरिंग परिणामों के आधार पर, सीपीसीबी द्वारा समय-समय पर नदियों का प्रदूषण आकलन किया गया है। सीपीसीबी द्वारा सितंबर, 2018 में प्रकाशित पिछली रिपोर्ट के अनुसार, 323 नदियों में 351 प्रदूषित खंडों की पहचान की गई थी, जो बायो-कैमिकल ऑक्सीजन डिमांड (बीओडी), ऑर्गेनिक प्रदूषण के एक संकेतक के संबंध में किए गए निगरानी के परिणाणों पर आधारित है ।

बीओडी स्तर के आधार पर 351 प्रदूषित नदि खंडों को नीचे दिए गए अनुसार 5 प्राथमिकता श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है।

| **प्राथमिकता** | **बीओडी स्तर में मिग्रा/ली.** | **प्रदूषित नदी खंडों की संख्या** |
|---|---|---|
| प्राथमिकता I | 30 से अधिक | 45 |
| प्राथमिकता II | 20-30 के बीच | 16 |
| प्राथमिकता III | 10-20 के बीच | 43 |
| प्राथमिकता IV | 6-10 के बीच | 72 |
| प्राथमिकता V | 3-6 के बीच | 175 |
| **कुल** | | **351** |

महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और पश्चिम बंगाल सहित राज्य-वार प्रदूषित नदी खंडों का विवरण **अनुलग्नक** में दिया गया है।

नदियों की सफाई और संरक्षण एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। देश की नदियों और दूसरे जल निकायों में प्रदूषण प्रमुख रूप से शहरों/कस्बों से होने वाले अशोधित या आंशिक रूप से अशोधित सीवेज के डिस्चार्ज और उनके संबंधित आवाह क्षेत्रों में औद्योगिक अपशिष्ट के कारण होता है। यह राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों, स्थानीय निकायों और औद्योगिक यूनिटों का दायित्व है कि वह नदियों तथा अन्य जल निकायों, तटीय जल अथवा भूमि में उनके प्रदूषण को रोकने तथा नियंत्रित करने के लिए डिस्चार्ज से पहले सीवेज तथा आद्योगिक अपशिष्टों का निर्धारित मानदंडों के अनुसार अपेक्षित शोधन सुनिश्चित करे। नदियों के संरक्षण के लिए, जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग गंगा बेसिन की नदियों में नमामि गंगे की केंद्रीय क्षेत्र की स्कीम और अन्य नदियों के लिए राष्ट्रीय नदी संरक्षण योजना (एनआरसीपी) की केंद्रीय प्रायोजित स्कीम के माध्यम से देश की नदियों के चिहिन्त प्रदूषित खंडों में प्रदूषण की रोकथाम के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को वित्तीय और तकनीकी सहायता प्रदान करते हुए उनके प्रयासों को पूरा कर रहा है।

राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से समय-समय पर प्रदूषित नदी खंडों के साथ कस्बों में प्रदूषण रोकथाम के कार्यों के प्रस्ताव एनआरसीपी के अंतर्गत विचार के लिए प्राप्त होते हैं और एनआरसीपी के दिशा-निर्देशों के अनुरूप उनकी प्राथमिकता और अनुपालन तथा निधियों आदि की उपलब्धता के आधार पर अनुमोदित किए जाते हैं। एनआरसीपी ने अब तक देश में 16 राज्यों में फैले 77 कस्बों में 34 नदियों पर प्रदूषित खंडों को 6050.18 करोड़ रु. की अनुमोदित परियोजना लागत से कवर किया है और

अन्य बातों के साथ-साथ 2677 मिलियन लीटर प्रतिदिन (एमएलडी) की सीवेज उपचार क्षमता का सृजन किया गया है। नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत 5024 एमएलडी सीवेज उपचार की 160 परियोजनाओं सहित कुल 364 परियोजनाओं और 5227 कि.मी. के सीवर नेटवर्क को 30583 करोड़ रु. की लागत से स्वीकृत किया गया है।

इसके अतिरिक्त, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत) और स्मार्ट्र सिटीज मिशन जैसे कार्यक्रमों के अंतर्गत सीवरेज इंफ्रास्ट्रक्चर का सृजन किया जाता है। इसके अलावा, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत छोटी नदियों के प्रभावी संरक्षण को प्राथमिकता दी गई है।

नदियों में औद्योगिक अपशिष्टों के डिस्चार्ज को रोकने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों में अन्य बातों के साथ-साथ विशिष्ट निर्वहन मानकों की अधिसूचना जारी करना, उद्योगों के वर्गीकरण के मानदंडों में संशोधन करना और सभी राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड/प्रदूषण नियंत्रण समितियों को इसे अपनाने के निर्देश जारी करना, एसपीसीबी/पीसीसी द्वारा स्थापित करने के लिए सहमति संचालन के लिए सहमति जारी करना, निर्धारित पर्यावरणीय मानदंडों के अनुसार अनुपालन सत्यापन के लिए अत्यधिक प्रदूषणकारी उद्योगों (जीपीआई) का नियमिति और औचक निरीक्षण, अपशिष्ट गुणवत्ता और अनुपालन स्थिति के आकलन हेतु ऑनलाइन कॉन्टीन्यूस इफ्लूएंट मॉनीटरिंग (ओसीइएमएस) सिस्टम की स्थापना। इसके अतिरिक्त, उद्योगों को प्रोद्योगिकी संवर्धन, अपशिष्ट जल के पुनः उपयोग/रि-साईकलिंग द्वारा अपने अपशिष्ट जल में कमी लाने और जहां तक संभव हो जीरो लिक्वीड डिस्चार्ज को प्रोत्साहित किया जाता है।

पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 और जल (प्रदूषण रोकथाम और नियंत्रण), अधिनियम, 1974 के प्रावधानों के अनुसार नदियों और जल निकायों में अपशिष्टों के निर्वहन के पहले विनिर्धारित पर्यावरणीय माकों का अनुपालन करते हुए औद्योगिक यूनिटों को अपशिष्ट उपचार संयंत्र (ईटीपी) स्थापित करना और अपने अपशिष्टों का उपचार करना अपेक्षित होता है। तदनुसार, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और प्रदूषण नियंत्रण समितियां अपशिष्ट निर्वहन मानकों के संबंध में उद्योगों को निगरानी करते हैं और इन अधिनियमों के प्रावधानों के अतंर्गत अनुपालन न करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाती है।

इसके अतिरिक्त, देश में प्रदूषित नदी खंडों के संरक्षण के संबंध में मूल आवेदन संख्या 673/2018 में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के आदेशों के अनुपालन में, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को अपने अधिकार क्षेत्र में प्रदूषित खंडों के नवीकरण के लिए सीपीसीबी द्वारा चिहिन्त और 2018 की प्रकाशित उनकी रिपोर्ट में निर्धारित समयावधि के भीतर अनुमोदित कार्य योजनाओं को क्रियान्वित करने की आवश्यकता है। एनजीटी के आदेशों के अनुसार, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों और केंद्रीय स्तर पर भी कार्य योजनाओं के कार्यान्वयन की नियमित समीक्षा की जाती है।

*****

**अनुलग्नक**

**“नदियों के प्रदूषण स्तर के संबंध में अध्ययन’ के संबंध में दिनांक 31.03.2022 को लोक सभा में उत्तर दिए जाने वाले तारांकित प्रश्न संख्या *418 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।**

**राज्य/संघ राज्य क्षेत्र वार प्रदूषित नदी खंड**

| प्रदूषित नदी खंड - वरीयता I और वरीयता II | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **राज्य** | **नदी का नाम** | **नदी खंड** | **बीओडी प्रसार अधिकतम मान (मिलीग्राम/ली)** | **वरीयता** |
| असम | भारालू | गुवाहाटी से चिलराई नगर | 52.0 | I |
| | बोरसोला | सरभट्टी के साथ-साथ, गुवाहाटी | 34.0 | I |
| | सिलसाको | छछल के साथ-साथ, गुवाहाटी | 34.0 | I |
| | सोरूसोला | पल्टन बाजार के साथ, गुवाहाटी | 30.0 | II |
| दमन, दीव और दादरा नगर हवेली | दमनगंगा | सिलवासा से दमन जेट्टी, मोती दमन | 10 - 80 | I |
| दिल्ली | यमुना | वज़ीराबाद से असगरपुर | 9 - 80 | I |
| गुजरात | अमलाखडी | पुंगुम से भरूच | 40 - 45 | I |
| | भद्र | जेतपुर गांव से सारण गांव | 426.0 | I |
| | भोगवो | सुरेंद्रनगर से नाना केरल | 67.0 | I |
| | खाडी | लाली गांव से काशीपुरा | 235.0 | I |
| | साबरमती | खिरोज से वाउथा | 4 - 147 | I |
| | विश्वामित्री | वडोदरा से असोद | 6 - 21 | II |
| हरियाणा | घग्गर | रोरकी से सिरसा | 6 - 482 | I |
| | यमुना | पानीपत से सोनीपत | 4 - 55 | I |
| हिमाचल प्रदेश | सुखना | सुखना से परवानू | 54.0 | I |
| | मार्कंडा | काला अम्ब से नारायणपुर | 3.2 - 24 | II |
| जम्मू और कश्मीर | देविका | गुरु रविदास मंदिर से नैन्सु | 3.4-22 | II |
| केरल | करमणा | मलेकडू से तिरुवल्लम | 56.0 | I |
| मध्य प्रदेश | चंबल | नागदा से रामपुरा | 12 - 80 | I |
| | खड़ | कबित खेड़ी से खजराना | 30.8 - 80 | I |
| | क्षिप्रा | सिद्धावत से त्रिवेणीसंगम | 4 - 38 | I |
| | बेतवा | मंडीदीप से विदिशा | 3.3 - 20.2 | II |
| महाराष्ट्र | गोदावरी | सोमेश्वर मंदिर से राहेद | 5.0-88 | I |
| | कलू | अटेल गांव के साथ | 75.0 | I |
| | कुंडलिका | सलाव से रोहा | 3.8-65 | I |
| | मीठी | पवई से धारावी | 250.0 | I |
| | मोरना | अकोला से तकलीजालम | 52.8 | I |
| | मूला | बोपोदी से औंध गांव | 33-35 | I |
| | मूथा | शिवाजी नगर से खडकवासला बांध | 5.0-42.5 | I |
| | नीरा | सांगवी से शिंदेवाड़ी | 12.5-35 | I |
| | वेल | नवारे से शिकारपुर | 30.2 | I |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | भीम | विट्ठलवाड़ी से तकली | 8.0-22.0 | II |
| | इंद्रायणी | मोशीगांव से अलंदीगांव | 12.5-22 | II |
| | मूला-मूथा | थेउर से मुंधवा ब्रिज | 14-22 | II |
| | पवन | दापोदी से रावेत | 15.5-24 | II |
| | वैनगंगा | तुमसा से आष्थी | 10.4-22.4 | II |
| | वर्धा | घुघस से राजुरा | 7.0-22.0 | II |
| मणिपुर | नांबुल | सिंगदा बांध से बिष्णुपुर | 3.6-23.7 | II |
| मेघायल | उमखराह | मावली से शिलांग | 30-90.2 | I |
| | उमशीरपी | उमशीरपी पुल से धनकेती | 38.5-95.0 | I |
| नागालैंड | धनसिरी | चेक गेट से दीपूह | 7.0-50.0 | I |
| ओडिशा | गंगुआ | डी/एस भुवनेश्वर | 14-39 | I |
| पंजाब | घग्गर | सरदुलगढ़ से मुबारकपुर | 9.0-380 | I |
| | सतलुज | रूपनगर से हरिका ब्रिज | 3.8-108 | I |
| तमिलनाडु | कावेरी | मेट्टूर से मयिलादुथुराई | 3.3-32 | I |
| | सरबंगा | थाथयमपट्टी से टी. कोनागापडी | 78.0 | I |
| | थिरुमनिमउथर | सेलम से पप्पारापट्टी | 190.0 | I |
| | वसिस्त | मणिविलुंधन से थियागनुर | 675.0 | I |
| तेलंगाना | मूसी | हैदराबाद से नलगोंडा | 4.0-60.0 | I |
| | मनजीरा | गौडीचरला से नक्कावगु | 5.0-26 | II |
| | नक्कावगु | गांडीलाचपेट से सेवलाथंडा | 26.0 | II |
| उत्तर प्रदेश | हिंडन | सहारनपुर से गाजियाबाद | 48-120 | I |
| | कलीनदी | मुजफ्फरनगर तो गुलावठी कस्बा | 8 - 78 | I |
| | वरुण | रामेश्वर से वाराणसी में गंगा के संगम सहित | 4.5-45.2 | I |
| | यमुना | असगरपुर से इटावा शाहपुर से इलाहबाद (बालूघाट) | 12.0-55 | I |
| उत्तराखंड | भेला | काशीपुर से रजपुरतंदा | 6.0-76.0 | I |
| | ढेला | काशीपुर से गरहूवला, ठाकुरद्वार | 12 - 80 | I |
| | सुसवा | मोथरोवला से रायवला | 37.0 | I |
| | किच्छा | किच्छा के साथ | 28.0 | II |
| पश्चिम बंगाल | विन्धाधर | हरोआ पुल से मलंछा बर्निंग घाट | 26.7-45.0 | I |
| | महानंदा | सिलीगुरी से बीनागुरी | 6.5-25 | II |

| **प्रदूषित नदी खंड - वरीयता III, IV और V** | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **राज्य** | **नदी का नाम** | **नदी खंड** | **बीओडी प्रसार अधिकतम मान (मिलीग्राम/ली)** | **वरीयता** |
| आंध्र प्रदेश | कुंडू | नंद्याल से मद्दुरु | 7.7 | IV |
| | तुंगभद्रा | मंथ्रालयम से बावापुरम | 3.2 - 6.7 | IV |
| | गोदावरी | रायनपेटा से राजमुंदरी | 3.1 - 3.4 | V |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | कृष्णा | अमरावती से हमसाला देवी | 3.2 | V |
| | नागवली | थोटापल्ली के साथ | 3.2 | V |
| असम | दीपर बिल | दीपर बिल से गुवाहटी | 10.6 | III |
| | डिगबोई | लखीपते, रिजर्व फॉरेस्ट | 14.0 | III |
| | कमलपुर | कमलपुर के साथ | 18.6 | III |
| | पंचनई | ओरंग से बोरसाला | 11.4 | III |
| | ब्रह्मपुत्र | खेरघाट से धुबरी | 3.2 - 6.4 | IV |
| | खारसंग | असम-अरुणांचल सीमा से लॉगटॉम-1 | 7.2 | IV |
| | पगल्डिया | नलबाडी से खुदरा संकारा | 8.2 | IV |
| | बराक | पंचग्राम से सिलचर | 3.5 - 4.2 | V |
| | बरोई | एनएच-52 पर ब्रिज के डाउनस्ट्रीम में | 3.6 | V |
| | | | | |
| | बेगा | मंगलदोई के साथ | 4.5 | V |
| | बेकी | ज्योति गांव से बरपेटा रोड | 3.5 | V |
| | भोगदोई | जोरहाट से दुलियागांव | 4.5 | V |
| | बोगीनदी | लखीमपुर से डिब्रूगढ़ | 4.2 | V |
| | बोरबील | रामनगर के साथ, डिगबोई | 3.8 | V |
| | बोर्डोएबम बीलमुख | बीलमुख बर्ड सैंक्चुअरी, धीमाजी | 5.2 | V |
| | बुरहिदीहिंग | मार्गरिटा से तिनसुकिया | 4 - 4.6 | V |
| | धनसिरी | गोलाघाट से कठकेतिया | 4.3 - 5.6 | V |
| | दिखोव | नागिनी मोरा से दिखोमुख | 3.2 | V |
| | दिक्रोंग | बंदरदेवा के साथ | 3.2 | V |
| | दिपलाए | सिलगरा के साथ, कोकराझार | 3.2 | V |
| | दिसांग | दिल्लीघाट से गुंडमघाट | 4.2 | V |
| | गभरू | तुमीकी के साथ, सोनितपुर | 5.4 | V |
| | होलुडुंगा | सोमराजन के साथ, धेमा जी | 4.8 | V |
| | जय भराली | सोनितपुर के साथ | 3.1 | V |
| | झांझी | जोरहाट से चावडांग | 3.8 | V |
| | कलोंग | नागांव से मोरी कलोंग | 3.7 - 4.3 | V |
| | कपिली | नागांव से कामपुर कस्बा | 5.5 | V |
| | किलिंग | मोरेगांव के साथ | 5.8 | V |
| | कोहोरा | कोहोरा से मोहपारा | 4.4 | V |
| | कुलसी | चायगांव के साथ | 3.6 | V |
| | मालिनी | रामनगर के साथ, सिलचर | 5.3 | V |
| | मोरा भराली | तेजपुर के साथ | 5.2 | V |
| | पराशली | देमोरिया के साथ | 4.0 | V |
| | पुथिमरी | पुथिमारी के साथ | 4.8 | V |
| | रंगा | गेरामुख के साथ | 3.8 | V |
| | समगुरी | समगुरी के साथ, नागांव | 4.0 | V |
| | संकोश | गोलकगंज के साथ | 3.3 | V |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | सन | देवधर, करीमगंज के साथ | 4.3 | V |
| | सोनाई | सोनाई से दक्षिण मोहनपुर | 4.4 | V |
| | टेंगा पुखुरी | कुकुरचोवा गांव के साथ | 4.0 | V |
| बिहार | सिरसिया | रक्सोल से कोरिया टोला (रक्सौल) | 20.0 | III |
| | फारमर | जोगबनी के साथ | 3.6 | V |
| | गंगा | बक्सर से भागलपुर | 3.2 - 4.2 | V |
| | पूनपुण | गौरीचक से फतुहा | 3.3 | V |
| | राम रेखा | हरि नगर से राम नगर | 5.0 | V |
| | सिखरना | नरकटियागंज के साथ | 4.5 | V |
| छत्तीसगढ़ | हसदेव | कोरवा से उरगा | 3.6 - 7 | IV |
| | खारून | बुंदरी से रायपुर | 3.3 - 7.2 | IV |
| | महानदी | अरंग से शिहवा | 3.3 - 8 | IV |
| | सियोनाथ | शिमंगा से बेमता | 3.4 - 8.4 | IV |
| | केलो | रायगढ़ से कनकतोरा | 3.8 | V |
| गोवा | सल | खरेबंद से मोबोर | 4.2 - 16.8 | III |
| | मांडोवी | मार्सेला से वॉल्वोइ | 3.3 - 6.2 | IV |
| | तलपोना | कैनाकोना के साथ | 6.8 | IV |
| | असोनूरा | असोनोरा से सिरसैम | 3.3 | V |
| | बिचोलिम | बिचोलिम से करचिरेम | 4.8 | V |
| | चपोरा | पेरनेम से मोरजिम | 3.5 - 5.2 | V |
| | खांडेपर | पोंडा से ओपा | 3.4 | V |
| | सिंक्वेरिम | कैंडोलिम के साथ | 3.6 | V |
| | तिरकोल | तिराकोल के साथ | 3.9 | V |
| | वलवंत | सांकली - बिचोलिम से पोरीम | 4.3 | V |
| | जुआरी | कर्चोरम से मडकै | 3.2 - 5.1 | V |
| गुजरात | धादर | खोतड़ा से चांदपुरा | 16.0 | III |
| | त्रिवेणी | त्रिवेणी संगम से बादलपाड़ा | 11.0 | III |
| | अमरावती(नर्मदा की सहायक नदी) | ददल, अंकलेश्वर के साथ | 10.0 | IV |
| | दमनगंगा | काचीगांव से वापी | 8.0 | IV |
| | कोलाक | किकरला से साल्वा | 8.0 | IV |
| | माही | सेवलिया से बहादरपुर | 4.5 - 7 | IV |
| | शेधी | धामोद से खेड़ा | 9.0 | IV |
| | तापी | खडोद (बारडोली) से सूरत | 8.0 | IV |
| | अनस | दाहोद से फतेहपुर | 5.0 | V |
| | बालेहवर खाडी | पांडेसरा से कपलेथा | 4.0 | V |
| | किम | साहोल ब्रिज से हंसोल | 3.1 | V |
| | मेशवा | शामलाजी के साथ | 4.0 | V |
| | मिंधोला | सचिन के साथ | 6.0 | V |
| | नर्मदा | गरुड़ेश्वर से भरूच | 5.0 | V |
| | सिरसा | नालागढ़ से सोलन | 8 - 16 | III |
| | अश्विनी | यशवंत नगर के साथ् | 3.2 | V |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| हिमाचल प्रदेश | ब्यास | कुल्लू से देहरागोपीपुर | 6.0 | V |
| | गिरि | सैंज के साथ | 4.4 - 6 | V |
| | पब्बर | रोहड़ू के साथ | 3.6 - 4 | V |
| जम्मू और कश्मीर | बाणगंगा | पोनी शेड से स्नान घाट | 6 - 14 | III |
| | चुंट कोल | मौलाना आजाद ब्रिज से कनिकाडल | 14.5 | III |
| | गावकडल | गोकदल ब्रिज से नोहटा | 9.0 | IV |
| | तावी | सूरज नगर से बेलीचरणा | 5 - 8.3 | IV |
| | बसंतेर | संबा से चकमंगराकवल | 5 - 6 | V |
| | चिनाब | जलपाटन से परगावल | 5.0 | V |
| | झेलम | छत्ताबल वियर से अंनतनाग | 3.2 - 5.5 | V |
| | सिंध | दूधेरमा के साथ | 3.7 | V |
| झारखंड | गरगा | तालमूचू के साथ | 6.2 | IV |
| | संख | कांगसेरा बसर से बोलबा | 8.4 | IV |
| | सुवर्णरेखा | हथिया डैम से जमशेदपुर | 3.4 - 10 | IV |
| | दामोदर | फुसरो रोड ब्रिज से तुरियो | 3.9 | V |
| | जुमर | कांके बांध से कडल | 3.3 | V |
| | कोनार | तिलया और कोनार के साथ | 3.4 - 3.6 | V |
| | नलकडी | पतरातू के साथ | 3.8 | V |
| कर्नाटक | अर्कावथी | हल्ली जलाशय से कनकपुरा टाउन | 14.0 | III |
| | लक्ष्मणतीर्थ | कट्टमालवाड़ी से हुन्सुर | 7.1 - 12.4 | III |
| | मालप्रभा | खानपुर से धारवाड़ | 7.3 - 17.3 | III |
| | तुंगभद्रा | हरिहर से कोरलाहल्ली | 4 - 19 | III |
| | भद्रा | होलेहुन्नूर से भद्रावती | 5.5 - 7.8 | IV |
| | कावेरी | रंगनाथिट्टू से सथ्यामंगलम ब्रिज | 3.1 - 6.7 | IV |
| | कबिनी | नंजनगुड़ से हिज्जजे | 3.6 - 6.5 | IV |
| | कगीना | शाहबाद से होंगूंटा | 4.6 - 7.4 | IV |
| | काली | हसनमाड (वेस्टकोस्ट पेपर मिल) से बोमनहल्ली जलाशय | 6.5 | IV |
| | कृष्णा | यदुरवाड़ी से तितिनि ब्रिज | 3.1 - 6.2 | IV |
| | शिम्शा | येदियार से हलगुर | 4 - 10 | IV |
| | असंगी नाला | आसंगी के साथ | 4.4 | V |
| | भीम | घानापुर से यादगीर | 3.3 - 6 | V |
| | कुमारधरा | उप्पिनंगडी के साथ | 4.0 | V |
| | नेत्रवती | उप्पिनंगडी से मंगलुरु | 4.0 | V |
| | तुंग | शिवमोगा से कुड़ली | 4.3 | V |
| | यागाची | यागची हसन के साथ | 4.0 | V |
| | भारथापुझा | पटाम्बी के साथ | 6.6 | IV |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| केरल | कदंबयर | मनकाकाडवु से ब्रह्मपुरम | 5.9 - 6.4 | IV |
| | कीचेरी | पुलियान्नोर से केचेरी | 6.4 | IV |
| | मणिमाला | कल्लूपारा से थोंड्रा | 6.3 - 6.4 | IV |
| | पम्बा | मन्नार से थकाज़ी | 3.3 - 7.8 | IV |
| | भवानी | इलाचिवाज़्यी के साथ | 5.4 | V |
| | चित्रपुझा | इरुम्पनम से करिंगाचिरा | 4.6 | V |
| | कदलुएंडी | हाजीरापल्ली/हजियारपल्ली के साथ | 3.6 | V |
| | कल्लाई | थेकेपुरम से अरक्किनर | 4.5 | V |
| | करुवन्नूर | करुवन्नुर के साथ | 3.5 | V |
| | कव्वाय | कव्वाय के साथ | 3.9 | V |
| | कुप्पम | थलीपराम्बा से वालीचंगूल | 3.1 - 3.8 | V |
| | कुट्टियाडी | कुट्टीयाडी के साथ | 5.0 | V |
| | मोगराल | मोगराल के साथ | 3.1 | V |
| | पेरियार | अलवाय-इल्लोर से कलमासेरी | 3.2 - 5.1 | V |
| | पेरुवंबा | पेरूवंबा के साथ | 3.9 | V |
| | पुझाकल | ओलरीकर्रा से पुझाकल | 3.8 | V |
| | रामपुरम | रामपुरम के साथ | 3.3 | V |
| | थिरूर | नादुविलंगडी से थलक्कड़थुर | 3.6 | V |
| | उप्पल | पोय्या से मुलिंजा | 3.2 | V |
| मध्य प्रदेश | सोन | अमलाय के साथ | 12.4 | III |
| | गोहद | गोहद बांध से गोरमी | 6.3 | IV |
| | कोलार | सूरजनगर से शिरडीपुरम | 7.5 | IV |
| | तापी | नेपानगर से बुरहानपुर | 4.6 - 8 | IV |
| | बिछिया | सिलपरी से गढ़वा | 3.5 | V |
| | चमला | बड़नगर, उज्जैन के साथ | 4.0 | V |
| | छौपन | विजयपुर के साथ | 3.4 | V |
| | कलीसोत | मंडीदीप से समरधा गांव | 4.1 | V |
| | कन्हन | छिंदवाड़ा जिले की सीमा से कन्हन | 3.2 | V |
| | कटनी | कटनी के साथ | 3.5 | V |
| | कुंदा | खरगोन से खेड़ी खुर्द | 4.0 | V |
| | मालेई | जौरा से बरौदा | 3.5 | V |
| | मंदाकिनी (एमपी) | चित्रकूट के साथ | 5.8 | V |
| | नेवाज | शुजलपुर के साथ | 4.0 | V |
| | पार्बती | बटावाड़ा से पीलुखेड़ी | 3.2 | V |
| | सिमरार | कटनी के साथ | 3.9 | V |
| | टन्स | चकघाट से छपर | 3.5 | V |
| | वैनगंगा | छिंदवाड़ा से बालाघाट | 3.2 | V |
| | घोड़ | अन्नापुर से शिशुर | 10.2 | III |
| | कन्हन | भंडारा से नागपुर | 9.8-16.4 | III |
| | कोलार (महाराष्ट्र) | कोराडि के साथ | 18.0 | III |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| महाराष्ट्र | कृष्णा | शिंदी से कुरुंडवाड | 3.4-14.0 | III |
| | मोर | जलगांव से अमोदा | 16.0 | III |
| | पातालगंगा | खाडेपाड़ा से कोपोली | 5.0-18 | III |
| | पेढी | नारायणपुर से भटकुली | 20.0 | III |
| | पेनगंगा | महकर से उमरखेड़ | 8.6-20 | III |
| | पूर्णा | धूपेश्वर से आसे गांव | 10.2-18.4 | III |
| | तापी | रावेर से शाहदा | 8.0-12.0 | III |
| | उरमोडी | धनगरवाडी से नागथने | 12.4 | III |
| | वेन्ना | महाबलेश्वर से माहुली | 7.2-12.5 | III |
| | वाघुर | सुनस गांव से सकेगांव | 18.0 | III |
| | वेना | कावड़ घाट से हिंडन घाट | 10.2-13.8 | III |
| | बिंदुसार | स्वराज नगर से स्नेह नगर | 8.0 | IV |
| | बोड़ी | अमलनेर के साथ | 9.2 | IV |
| | चंद्रभाग | पंधरपुर से शेगांव धुमला | 7.5-9.5 | IV |
| | डरना | इगतपुरी से संसारी | 5.0-9.0 | IV |
| | गिरना | मालेगांव से जलगांव | 6.6-9.0 | IV |
| | हिवडा | पछोड़ा से निमबोड़ा | 8.6 | IV |
| | कोयना | कराड से पापर्डे | 8.6 | IV |
| | पेहलर | पेलहर बांध से गोलनी नाका | 7.0 | IV |
| | सिना | सोलापुर से बनकलागी | 8.5 | IV |
| | तितुर | चालीसगांव, जलगांव के साथ | 7.8 | IV |
| | अंबा | बेंस से रोहा | 4.8 | V |
| | भट्टसा | शाहपुर से भदाने | 4.8-6.0 | V |
| | गोमाई | लोंखेड़ा से शाहदा | 6.0 | V |
| | कन | कवाथे से साकरी | 5.0 | V |
| | मंजीरा | लातूर से नांदेड़ ब्रिज | 5.0 | V |
| | पंचगंगा | शिरोल से कोल्हापुर | 3.2-5.8 | V |
| | पंजारा | वरखेड़े से धुले | 6.0 | V |
| | रंगावली | तिनटेम्बा से नवापुर | 5.0 | V |
| | सावित्री | डडली से मुथवली | 3.2-5.0 | V |
| | सूर्या | धामनी बांध से पालघर | 4.4-5.0 | V |
| | तानसा | ठाणे के साथ | 6.0 | V |
| | उल्हास | कल्याण से बदलापुर | 4.0-5.0 | V |
| | वैतरना | गांधारे से सरशी | 4.0 | V |
| | वशिष्ठि | खेरडी से दलवतने | 3.2-3.4 | V |
| मणिपुर | इंफाल | कंगला मोट से समरू | 3.4-6.4 | V |
| | इरिल | कंगला सिपाही से उखरूल | 3.2 | V |
| | खुगा | खुगा झील से छुरछंदपुर | 3.1-3.6 | V |
| | खुजैरोक | मोरेह से मौजंग | 4.3 | V |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | लोकचाओ | बिष्णुपुर से लोकतक झील | 4.5 | V |
| | मणिपुर | सेकमाईजान से थौबल | 3.6-4.3 | V |
| | थौबल | शौंग कॉंग से फादोम | 3.5 | V |
| | वांगजिंग | वांगजिंग से हीरोक | 4.1-4.3 | V |
| मेघालय | किरहुखला | सुतंगा से ख़लीरियत | 10.0 | IV |
| | नोनबाह | नांगस्टोइन से वहरियाट | 6.0-7.5 | IV |
| | उमत्रियू | बिरनिहाट से मोरंग डाला | 6.2-8.0 | IV |
| | लुखा | मिंडीहाटी से श्यामलॉन्ग | 6.0 | V |
| | माइंटडू | जोवाई से पमहादेम | 5.2 | V |
| मिजोरम | तायू | चम्फाई के साथ | 11.3 | III |
| | ल्वांग | ज़ोबाक, सैरंग से बैराबी के साथ | 3.1-6.7 | IV |
| | तुइपुई | चम्फाई के साथ | 8.2 | IV |
| | तुइवावल | काइफैंग के साथ | 6.8 | IV |
| | चिटे | आर्म्ड वेंज के साथ | 3.7 | V |
| | मैट | सेरचिप के साथ | 5.5 | V |
| | सैकाह | लोआंग लाय के साथ | 4.4 | V |
| | तुइकुअल | सिरचिप के साथ | 6.0 | V |
| | तुइरियाल | तुरियल ऐजवाल के साथ | 3.4-4.6 | V |
| नागालैंड | जूना | कोहिमा के साथ | 6.0-13.0 | III |
| | चाथे | मैडजीफेमा से डीमापुर | 7.0 | IV |
| | जु | कोहिमा से जुकुघाटी | 7.0 | IV |
| | जुछा | कोहिमा के साथ | 4.0 | V |
| | सनो | कोहिमा के साथ | 4.0 | V |
| ओडिशा | गुरदीह नाला | राउरकेला के साथ | 11.3 | III |
| | कथजोड़ी | कटक से उराली | 5.8-11.2 | III |
| | नंदीराझोर | तालचेर | 2.7 - 13 | III |
| | दाया | भुवनेश्वर से बारागढ़: | 4.0-7.3 | IV |
| | कुखाई | उराली से भुवनेश्वर | 6.7-7.7 | IV |
| | बंगरू नाला | तालचेर रेंगली के साथ | 3.2 | V |
| | भेदेन | भेदेन के साथ | 3.6 | V |
| | ब्राह्मणी | राउलकेला से बिरीटोल | 5.8-6.0 | V |
| | बुद्धबलनगा | महुलिया से बारीनपाड़ा | 3.5 | V |
| | कुसुमी | अंगुल तालचेर के साथ | 3.2 | V |
| | महानदी | संबलपुर से पारादीप | 3.6 | V |
| | मंगला | पुरी के साथ | 5.7 | V |
| | नागावल्ली | जयकापुर से रायगडा | 3.5 | V |
| | नूना | बीजीपुर, पुरी के साथ | 3.1 | V |
| | रतनचीरा | भुवनेश्वर, पुरी के साथ | 3.3 | V |
| | रुशिकुल्य | प्रतापपुर से गंजम | 3.4 | V |
| | साबुलिया | जगन्नाथपटना, रंभा के साथ | 5.0 | V |
| | सेरूआ | खंडेता से संखत्रसा | 4.8 | V |
| पुद्दुचेरी | अरसालर | करायकाल के साथ | 7.0 | IV |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | चुन्नंबर | अरियनकुप्पम के साथ | 6.0 | V |
| पंजाब | काली बेन | सुल्तानपुर लोधी से ब्यास के संगम तक | 9.0 | IV |
| | ब्यास | मुकेरियां के साथ | 3.8 | V |
| राजस्थान | बनस | बीसलपुर बांध के साथ, स्वरूपगंज, नेवता बांध | 13.2 | III |
| | चंबल | सवाईमाधोपुर से कोटा | 3.2-4.8 | V |
| सिक्किम | मानेखोल | अदमपूल से बुरटक | 3.2-4.5 | V |
| | रंगित | बांध स्थल (एनएचपीसी) से त्रिवेणी | 3.2-3.8 | V |
| | रानीचू | नमली से सिंगतम | 3.8-4.0 | V |
| | तीस्ता | मेली से चुंगथांग | 4.0-4.3 | V |
| तमिलनाडु | भवानी | सिरुमुगई से कलिंगरायण | 3.3-6.6 | IV |
| | तंबीरपानी | पप्पनकुलम तोरुमुगनेरी | 3.1-4.0 | V |
| तेलंगाना | कराकावागु | पलवांचा के साथ | 18.0 | III |
| | मनेर | वारंगल से सोमनापल्ली | 6-20.0 | III |
| | गोदावरी | बसर से खम्मम | 4.0-9.0 | IV |
| | किन्नरसानी | पलवांचा के साथ | 10.0 | IV |
| | कृष्णा | थंगाडिग्गी से वाडापल्ली | 5.0-6.0 | V |
| त्रिपुरा | बुरिगांव | बीसलगढ़ के साथ | 3.9 | V |
| | गुमटी | तेलकाजिला से अमरपुर | 3.9 | V |
| | हाउरा | अगरतला से धरमनगर | 3.2-4.0 | V |
| | जूरी | धरमनगर के साथ | 4.9 | V |
| | खोवई | तेलियामुरा के साथ | 3.3 | V |
| | मनु | कैलाशहर के साथ | 3.5-3.6 | V |
| उत्तर प्रदेश | गोमती | सीतापुर से वाराणसी | 3.1-18.0 | III |
| | गंगा | कन्नौज से वाराणसी | 3.5-8.8 | IV |
| | रामगंगा | मुरादाबाद से कन्नौज | 6.6 | IV |
| | बेतवा | हमीरपुर से वागपुरा | 3.5-4.2 | V |
| | घाघरा | बरहालगंज से देवरिया | 4.0-4.5 | V |
| | राप्ती | डोमिनगढ़ से राजघाट | 4.7-5.9 | V |
| | साई | उन्नाव से जौनपुर | 4.0-4.5 | V |
| | सरयू | अयोध्या से इलाफ़तगंज | 4.3 | V |
| उत्तराखंड | कल्याणी | डी/एस पंत नगर | 16.0 | III |
| | गंगा | हरिद्वार | 6.6 | IV |
| | कोसी | सुल्तानपुर | 6.4 | IV |
| | नंदौर | सुल्तानपुर | 5.6-8.0 | IV |
| | पिलखर | पट्टीकलां | 10.0 | IV |
| | चुरनी | सांतीपुर कस्बे से मजहदिया | 10.3-11.3 | III |
| | द्वारका | तारापीठ से साधक बामदेव घाट | 5.6-17.0 | III |
| | गंगा | त्रिवेणी से डायमंड हार्बर | 5.0-12.2 | III |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| पश्चिम बंगाल | दामोदर | दुर्गाचकम से दिशेरगढ़ | 4.4-8.2 | IV |
| | जलांगी | लाल दिघी से कृष्णा नगर | 8.3 | IV |
| | कंसी | मिदनापुर से रामनगर | 9.9 | IV |
| | माथाभांग | मधुपुर से गोविंदपुर | 8.5 | IV |
| | बराकर | कुल्टी से आसनसोल | 5.7 | V |
| | द्वारकेश्नर | बंकुरा के साथ | 1-5.6 | V |
| | कलजनी | बिटाला से अलीपुर द्वार | 6.0 | V |
| | करोला | जलपाईगुड़ी से ठाकुरेर कामत | 3.9 | V |
| | मयूरकाशी | सूरी से दुर्गापुर | 5.2 | V |
| | रूपनारायण | कोलाघाट से बीनापुर | 3.1-5.8 | V |
| | सिलाबती | घाटल से निश्चिन्दीपुर | 3.8 | V |
| | तीस्ता | सिलिगुड़ी से पहाड़पुर | 3.3 | V |

*****